

## शिल्पा शेट्टी को रिचर्ड गेर संग किसिंग केस में 15 साल बाद मिली माफी

ऐक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को 2007 में राजस्थान में एक इवेंट के दौरान हॉलिवुड ऐक्टर रिचर्ड गेरे ने किस किया था, जिसके बाद ऐक्ट्रेस के खिलाफ सार्वजनिक जगह पर अश्लीलता फैलाने का आरोप लगा था। अब 15 साल बाद कोर्ट ने इस मामले में शिल्पा को माफी दे दी है। उन्हें अपराध से मुक्त कर दिया है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट केतकी चव्हाण के अनुसार, शिल्पा शेट्टी ने घटना के तुरंत बाद अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी थी। पुलिस रिपोर्ट और पेश किए गए दस्तावेजों पर विचार करने के बाद, मजिस्ट्रेट संतुष्ट थे कि शिल्पा के खिलाफ आरोप निराधार थे और इसलिए उन्हें अपराध से मुक्त कर दिया गया। 2007 में घटी इस घटना के बाद अश्लीलता के आरोप में ऐक्टर्स के खिलाफ 2 केस राजस्थान में और एक केस गाजियाबाद में दर्ज किया गया था। मामले को मुंबई ट्रांसफर करने की उनकी याचिका को कथित तौर पर 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति दी थी। वहीं शिल्पा शेट्टी ने एडवोकेट मधुकर दलवी के जरिए सीपीसी की धारा 239 (पुलिस रिपोर्ट और दस्तावेजों पर विचार के बाद छुट्टी) और धारा 245 (सबूत पर विचार के बाद निर्वहन) के तहत आरोप मुक्त करने के लिए अप्लाई किया था। बता दें कि 2007 में शिल्पा शेट्टी एड्स के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए आयोजित किए गए इवेंट में शामिल हुई थीं। इस इवेंट में ऐक्टर रिचर्ड गेरे ने शिल्पा शेट्टी को पकड़कर सरेआम किस कर लिया था।

## उमर रियाज फैंस के लिए ला रहे हैं सरप्राइज, जल्दी कुछ देखने को मिलेगा

उमर रियाज अब अपने भाई आसिम रियाज की वजह से नहीं, बल्कि खुद की वजह से पहचाने जाते हैं। वो रिएलिटी शो बिग बॉस 15 का हिस्सा बने और अपने व्यवहार से ऑडियंस का दिल जीत लिया। यही कारण था कि उनके ऐविक्शन के बाद खूब बवाल हुआ। फैंस ने सोशल मीडिया पर उन्हें खूब सपोर्ट किया। उनके लिए लोगों की अलग ही दीवानगी देखने को मिली। खैर, जो लोग उमर को मिस कर रहे हैं, उनके लिए एक गुड न्यूज है। ये खुशखबरी उमर ने खुद दी है। दरअसल, बिग बॉस 15 से बाहर आने के बाद फैंस उमर को स्क्रीन पर बहुत मिस कर रहे हैं। ऐसे में अब उमर ने खुलासा किया है कि बहुत जल्द फैंस को कुछ नया देखने को मिलेगा। उमर रियाज को जिम के बाहर स्पॉट किया गया, जहां उन्होंने कहा, सरप्राइज आने वाला है। जल्द ही उनको कुछ देखने को मिलेगा। क्या उमर नया म्यूजिक वीडियो ला रहे हैं? क्या वो अपने भाई आसिम के साथ किसी गाने में दिखाई देंगे? ऐसे ही कई सवाल फैंस के मन में उमड़ रहे हैं, लेकिन ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा कि उमर क्या सरप्राइज देने वाले हैं। उमर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा ऐक्टिव हैं।

## गहराइयां के प्रमोशन पर कुछ इस अंदाज में आईं नजर



इस वक्त दीपिका पादुकोण अपनी अगली फिल्म गहराइयां को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसमें दीपिका के बोल्ड अवतार ने फैन्स का ध्यान खूब खींचा है। दीपिका पादुकोण इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ इंटीमेट सीन को लेकर खूब चर्चा में हैं। फिल्म श्गहराइयांश के प्रमोशन पर ऐक्ट्रेस के खबसूरत अंदाज ने भी फैन्स को काफी अट्रैक्ट किया है। दीपिका ने खुद भी अपने इंस्टाग्राम पर इस प्रमोशन की कई तस्वीरें शेयर की हैं और उनके फैन पेज पर भी ऐसी कई तस्वीरें भरी पड़ी हैं। दीपिका पादुकोण अपने को–स्टार्स सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे के साथ अपनी फिल्म श्गहराइयांश के प्रमोशन के लिए पहुंचीं। दीपिका के गॉरजस अंदाज ने वहां मौजूद दर्शकों को हैरान कर दिया। इस प्रमोशन से दीपिका की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं, जिनमें उनके लुक्स की जमकर तारीफ हो रही है। दीपिका पादुकोण के प्रमोशन का यह अंदाज उनके किरदार को काफी मैच हो रहा था। उन्होंने ये तस्वीरें ढेर सारे हार्ट इमोजी के साथ शेयर की हैं। फिल्म में दीपिका और सिद्धांत के इंटीमेट सीन को लेकर शुरू से ही चर्चा है। हाल ही में ट्रेलर रिलीज होने के बाद से इस फिल्म को लेकर फैन्स का इंतजार और बढ़ गया है।

# प्रियंका–निक ने बेटी के लिए रेनोवेट करवाया आलीशान घर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*पावरफुल कपल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस पैरेंट्स क्लब में शामिल हो चुके हैं। हाल में ही प्रियंका चोपड़ा सरोगेसी के जरिए मां बनी हैं। बताया जा रहा है कि प्रियंका–निक के घर नन्ही परी का जन्म हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रियंका और निक बेटी के वेलकम करने की तैयारी में कई महीने से लगे हुए हैं। रिपोर्ट का दावा है कि प्रियंका चोपड़ा ने बेटी के वेलकम के लिए कई महीने की तैयारी की थी। उन्होंने अपने 20 मिलियन डॉलर वाले लॉस एंजेलिस घर को पहले बच्चे के हिसाब से रेनोवेट करवाया है।*

पीपल पब्लिकेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, जब प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने लॉस एंजेलिस का घर खरीदा तो उनके दिमाग में बच्चे को लेकर भी कुछ चीजे थीं। अगस्त 2019 में दोनों ने घर ढूंढना शुरू किया और नवंबर 2019 में जाकर उन्हें घर मिला। वह ऐसा घर चाहते थे जो बच्चे के अनुरुप दुरुस्त हो। जहां हरियाली हो और बच्चे के खेलने के लिए आउटडोर स्पेस हो।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा और निक ने उस समय 20 मिलियन डॉलर (करीब 149 करोड़) खर्च करके लॉस एंजेलिस वाला घर खरीदा। ये एनकिनो (म्दबपदव) में अब तक बेचे गए सबसे महंगे घर के रूप में एक नया रिकॉर्ड भी था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रियंका और निक ने इस घर में आने के



बाद कई महीने तक रेनेवोशन का काम करवाया ताकि बच्चे और फैमिली के लिए शानदार घर बन सके।

बता दें प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने साल 2018 में जोधपुर के उमैद भवन में शादी रचाई थी। जहां 225 गेस्ट शामिल हुए। अब दोनों ने शादी के चार साल बाद सरोगेसी के जरिए पैरेंट्स बन गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रियंका की बेटी फिलहाल हॉस्पिटल में है। न्यू बॉर्न बेबी ने डिलीवरी डेट से 12 हफ्ते पहले जन्म लिया है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट की मानें तो प्रियंका चोपड़ा फिलहाल अपना पूरा फोकस बेटी की परवरिश पर लगाना चाहती है और इसीलिए वह काम से ब्रेक लेंगी। इस बीच फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा पर सकंट के बादल मंडरा रहे हैं। माना जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा बेबी के चलते इस फिल्म को छोड़ सकती हैं।

# फैंस नहीं देख पाएंगे बाहुबली: बिफोर द बिगनिंग

*दोनों पार्ट यानी बाहुबली: द बिगनिंग और बाहुबली: द कन्क्लूजन ने देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी सफलता के झंडे गाड़े थे। इसी सक्सेस को देखते हुए नेटफ्लिक्स ने डायरेक्टर एसएस राजामौली के साथ फ्रेंचाइजी बाहुबली: बिफोर द बिगनिंग के प्रीक्वल की अनाउंसमेंट की थी। मेकर्स डायरेक्टर के तौर पर राहुल बोस और अतुल कुलकर्णी को लेकर आए, लेकिन अब इस सीरीज से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है।*



जानकारी के मुताबिक, टीम ने हैदराबाद में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के बजट के साथ एक बड़ा सेट बनाया और 6 महीने तक शूटिंग की। पोस्ट प्रोडक्शन के प्रोसेस में भी और पैसा लगाया गया था, लेकिन एक साल तक एडिट वर्क के बाद मेकर्स ने देवा कट्टा के काम को टालने का फैसला किया। साथ ही ये भी निर्णय लिया कि नए कलाकारों के साथ इस सीरीज को नया रूप दिया जाएगा।

सूत्र ने खुलासा किया है कि बाहुबली: बिफोर द बिगनिंग में निवेश की गई पूरी रकम बर्बाद करने के बाद टीम ने एक नए डायरेक्टर के साथ सीरीज को नया रूप देने का फैसला किया था। कुणाल देशमुख और रिभु दासगुप्ता ने देवा कट्टा की जगहली और जुलाई 2021 में तैयारी भी शुरू हो गई थी, लेकिन शाल खत्म होते होते एक बार फिर ये काम रुक गया। सूत्रों की मानें तो प्री–प्रोडक्शन के मामले में जो काम हुआ, वो नेटफ्लिक्स के पीरियड ड्रामा विजन के अनुरूप नहीं था। इस पर काफी विचार–विमर्श हुआ। इसके बाद इस प्रोजेक्ट को स्थगित करने का फैसला लिया। तैयारियों के दौरान जो पैसा खर्च हुआ, वो भी बर्बाद हुआ। बताया जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट में अब तक 150 करोड़ रुपये लग चुके हैं। टीम ने सोचा कि मन के मुताबिक काम भी नहीं हुआ है, ऐसे में इसमें 200 करोड़ रुपये निवेश करने का कोई फायदा नहीं है। बाहुबली ने सफलता के एक अलग पैमाना सेट कर दिया है, उस लीगेसी तक पहुंच पाना किसी रिस्क से कम नहीं है। फिलहाल, मृणाल इस प्रोजेक्ट से बाहर हो चुकी हैं। खबर आ रही थी कि नयनतारा को ऑफर दिया गया, लेकिन इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई। फिलहाल, इस प्रोजेक्ट को रोक दिया गया है। ऐसे में ये खबर फैंस के लिए तो अच्छी नहीं है।